Signature and Name of Invigilator

1. (Signature) __________________

   (Name) __________________

2. (Signature) __________________

   (Name) __________________

OMR Sheet No. : ..............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No. __________________
(In words)

**N 0 1 0 1 7**

# PAPER - II
# SOCIAL WORK

**Time : 1¼ hours]** **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **24** | Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** ① ② ● ④ where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There are no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।
   **उदाहरण :** ① ② ● ④ जबकि (3) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं। यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें। हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही प्रयोग करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा।



www.examrace.com

## SOCIAL WORK

## PAPER - II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are **compulsory**.

**1.** The social order is maintained largely by :

(1) Division of labour (2) Law

(3) Socialization (4) State

**2.** Which is the smallest agency of informal education ?

(1) Community (2) School (3) Family (4) Religion

**3.** Which one of the following is **not** social group ?

(1) Committee of advocates discussing some issues

(2) Executive committee of labour union

(3) Board of management of an Institution

(4) A horserider, cyclist and walking person on the street

**4.** Which one of the following is **not** the part of hierarchy of needs described by Abraham Maslow ?

(1) Safety needs (2) Esteem needs (3) Cognitive needs (4) Normative needs

**5.** Which one of the following is **not** a part of ethics of advocacy ?

(1) Act in accordance with user's, wishes and instructions.

(2) Act in the best interest of service users.

(3) Non-recognition of the limits of service users.

(4) Keep the user properly informed.

**6.** When number of samples is more than two but it is neither certain nor decided in advance, this type of system often referred as :

(1) Sequential sampling (2) Cluster sampling

(3) Judgement sampling (4) Area sampling



www.examrace.com

## समाज कार्य

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु–विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

1. निम्नलिखित में से मुख्यत: किसके द्वारा सामाजिक व्यवस्था बनाए रखी जाती है?
   (1) श्रम का विभाजन (2) कानून (3) सामाजीकरण (4) राज्य

2. निम्नलिखित में से कौन सा अनौपचारिक शिक्षा का सबसे छोटा अभिकरण है?
   (1) समुदाय (2) विद्यालय (3) परिवार (4) धर्म

3. निम्नलिखित में से कौन सा एक सामाजिक समूह **नहीं** है?
   (1) कुछ मुद्दों पर चर्चा कर रहे अधिवक्ताओं की समिति
   (2) श्रमिक संघ की कार्यकारी समिति
   (3) किसी संस्था का प्रबंधन बोर्ड
   (4) किसी सड़क पर चल रहा घुड़सवार, साइकिल चालक और पैदल व्यक्ति

4. निम्नलिखित में से कौन सा एक अब्राहम मैस्लो द्वारा वर्णित आवश्यकताओं के पदानुक्रम में शामिल **नहीं** है?
   (1) सुरक्षा संबंधी आवश्यकताएं (2) सम्मान संबंधी आवश्यकताएं
   (3) संज्ञानात्मक आवश्यकताएं (4) मानक आवश्यकताएं

5. निम्नलिखित में से कौन सा कार्य पैरवी की आचारनीति का हिस्सा **नहीं** है?
   (1) प्रयोक्ताओं की इच्छाओं और अनुदेशों के अनुसार कार्य करना।
   (2) सेवा प्रयोक्ताओं के श्रेष्ठ हित में कार्य करना।
   (3) सेवा प्रयोक्ताओं की सीमाओं को मान्यता न देना।
   (4) प्रयोक्ता को उचित जानकारी देते रहना।

6. जब प्रतिदर्शों की संख्या दो से अधिक है परंतु यह पूर्व निश्चित या पूर्व निर्धारित नहीं है, तो इस प्रकार की व्यवस्था क्या कहलाती है?
   (1) अनुक्रमिक प्रतिदर्श (2) गुच्छ प्रतिदर्श
   (3) निर्णय प्रतिदर्श (4) क्षेत्र प्रतिदर्श



www.examrace.com

7. Which one of the following scales used to assess a student's rank in the class ?

(1) Ordinal scale (2) Nominal scale (3) Interval scale (4) Ratio scale

8. Learning by imitating others behaviour is called ________ and the researcher best known for studying this type of learning is ________.

(1) Observation - Bandura
(2) Secondary - Pavlov
(3) Observational - Watson
(4) Secondary - Skinner

9. Which of the following is/are part(s) of Sustainable Development Goals ?

(a) Consumption
(b) Climate
(c) Crime
(d) Food

Find the answer from the code given below :

**Code :**

(1) (a) and (b) only
(2) (a), (b) and (d) only
(3) (b) and (d) only
(4) (a), (b), (c) and (d)

10. Which one of the following is a feature of Hindu Marriage Act, 1955 ?

(1) Inheritance
(2) Medical Termination of pregnancy
(3) Divorce
(4) Adoption

11. Which one of the following **does not** refer to digital convergence ?

(1) Information Technology
(2) Consumer electronics
(3) Telecommunications
(4) Exposure to languages

12. Which one of the following rights was described by Dr. B.R. Ambedkar as the heart of Indian Constitution ?

(1) Right to constitutional remedies
(2) Right to property
(3) Right to equality
(4) Right to freedom of religion

13. Which among the following was distinguished feature concerning religion between Brahmo Samaj and Arya Samaj ?

(1) Anti-idolatory
(2) Anti-ritualism
(3) Separation of social evil from religion
(4) Equal status to all religions



www.examrace.com

7. कक्षा में किसी छात्र की रैंक का आकलन करने के लिए निम्नलिखित में से कौन सी मापनी का प्रयोग किया जाता है ?

(1) क्रमसूचक मापनी
(2) नामित मापनी
(3) अंतराल मापनी
(4) अनुपात मापनी

8. दूसरों के व्यवहार की नकल कर सीखने को ______ कहा जाता है और इस प्रकार के अधिगम का अध्ययन करने के लिए शोधकर्ता ______ प्रसिद्ध हैं।

(1) अवलोकन – बांदूरा
(2) माध्यमिक – पावलोव
(3) अवलोकनीय – वाटसन
(4) माध्यमिक – स्किनर

9. निम्नलिखित में से क्या सतत विकास लक्ष्यों का भाग है/हैं ?

(a) उपभोग
(b) जलवायु
(c) अपराध
(d) भोजन

नीचे दिए गए कूट की सहायता से उत्तर दीजिए :

**कूट :**

(1) केवल (a) और (b)
(2) केवल (a), (b) और (d)
(3) केवल (b) और (d)
(4) (a), (b), (c) और (d)

10. हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की निम्नलिखित में से कौन सी एक विशिष्टता है ?

(1) उत्तराधिकार
(2) चिकित्सकीय गर्भपात
(3) तलाक
(4) दत्तक ग्रहण

11. निम्नलिखित में से क्या डिजिटल अभिसरण (कन्वर्जेंस) से संबंधित **नहीं** है ?

(1) सूचना प्रौद्योगिकी
(2) उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स
(3) दूर संचार
(4) भाषाओं का अनुभव

12. डॉ. बी.आर. अम्बेडकर ने निम्नलिखित में कौन से अधिकार को भारतीय संविधान का हृदय कहा है ?

(1) सांविधानिक उपचारों का अधिकार
(2) सम्पत्ति का अधिकार
(3) समानता का अधिकार
(4) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार

13. ब्रह्म समाज और आर्य समाज के बीच धर्म से संबंधित निम्नलिखित में से कौन सी विभेदकारी विशिष्टता थी ?

(1) मूर्तिपूजा का विरोध
(2) कर्मकाण्डवाद का विरोध
(3) सामाजिक बुराई का धर्म से पृथक्करण
(4) सभी धर्मों को बराबर का दर्जा प्रदान करना



www.examrace.com

**14.** Which of the following principle(s) is/are followed in Gandhian Social Action Model ?

(a) Principle of single strategy (b) Principle of dramatization

(c) Principle of dual approach (d) Principle of legitimization

Find the answer from the code given below :

**Code :**

(1) (a), (b) and (c) only (2) (b), (c) and (d) only

(3) (a) and (d) only (4) (a), (b), (c) and (d)

**15.** Who are debarred from receiving foreign contribution under FCRA, 2010 ?

(a) Employees of any corporation

(b) Member of any legislature

(c) Publisher of any registered newspaper

(d) Hindu undivided family

Find answer from the code given below :

**Code :**

(1) (a) and (b) only (2) (a) and (c) only

(3) (a), (b) and (c) only (4) (a), (b), (c) and (d)

**16.** Which of the duty(ies) has/have been prescribed by Indian Constitution for the Citizens of India ?

(a) To develop scientific temper

(b) To preserve rich heritage of our composite culture

(c) To minimise income inequalities

(d) To defend the country

Find the answer from code given below :

**Code :**

(1) (a) only (2) (a) and (b) only

(3) (a), (b) and (d) only (4) (a), (b), (c) and (d)

**17.** What is the characteristic of modernization ?

(1) Migration

(2) Social mobility

(3) Striving for self-dependency

(4) Change in social values, objectives and aspirations



www.examrace.com

**14.** निम्नलिखित में से किस/किन सिद्धान्त/सिद्धान्तों का गांधीवादी सामाजिक क्रिया प्रतिमान में पालन किया गया है ?

(a) एकल रणनीति का सिद्धान्त
(b) नाटकीकरण का सिद्धान्त
(c) दोहरे दृष्टिकोण का सिद्धान्त
(d) वैधीकरण का सिद्धान्त

नीचे दिए गए कूट की सहायता से उत्तर दीजिए :

**कूट :**

(1) केवल (a), (b) और (c)
(2) केवल (b), (c) और (d)
(3) केवल (a) और (d)
(4) (a), (b), (c) और (d)

**15.** एफ.सी.आर.ए. 2010 के अंतर्गत निम्नलिखित में से किसे विदेशी अंशदान प्राप्त करने से रोका गया है ?

(a) किसी निगम के कर्मचारी
(b) किसी भी विधायिका का सदस्य
(c) किसी पंजीकृत समाचार का प्रकाशक
(d) अविभाजित हिन्दू परिवार

नीचे दिए गए कूट की सहायता से उत्तर दीजिए :

**कूट :**

(1) केवल (a) और (b)
(2) केवल (a) और (c)
(3) केवल (a), (b) और (c)
(4) (a), (b), (c) और (d)

**16.** भारत के संविधान ने भारतीय नागरिकों के लिए निम्नलिखित में से कौन से कर्त्तव्य निर्धारित किए हैं ?

(a) वैज्ञानिक सोच विकसित करना
(b) हमारी मिली-जुली संस्कृति की समृद्ध घरोहर को संभालकर रखना
(c) आय संबंधी असमानताओं को न्यूनतम करना
(d) देश की रक्षा करना

नीचे दिए गए कूट की सहायता से उत्तर दीजिए :

**कूट :**

(1) केवल (a)
(2) केवल (a) और (b)
(3) केवल (a), (b) और (d)
(4) (a), (b), (c) और (d)

**17.** आधुनिकीकरण की क्या विशेषता है ?

(1) प्रव्रजन
(2) सामाजिक गतिशीलता
(3) आत्म-निर्भरता के लिए प्रयास करना
(4) सामाजिक मूल्यों, उद्देश्यों और आकांक्षाओं में परिवर्तन



www.examrace.com

**18.** The principle(s) of Social Group Work are :

(a) Principle of planned group formation

(b) Principle of continuous individualization

(c) Principle of resource utilization

(d) Principle of evaluation

Find the answer from the code given below :

**Code :**

(1) (a), (b) and (c) only (2) (a), (c) and (d) only

(3) (a), (b) and (d) only (4) (a), (b), (c) and (d)

**19.** 'Trusteeship Theory' of Trade Union was advocated by .

(1) N.M. Lokhande (2) B.P. Wadia (3) M.K. Gandhi (4) G.L. Nandha

**20.** Under whose Prime Ministership the Second National Labour Commission was constituted ?

(1) Atal Bihari Vajpayee (2) Viswanath Pratap Singh

(3) P.V. Narasimha Rao (4) Rajiv Gandhi

**21.** Participant observation is ideally suited for the study of :

(a) Tribal culture (b) National culture

(c) Ethnographic study (d) Phenomenon of globalization

**Code :**

(1) (a), (b) and (c) only (2) (a) and (c) only

(3) (a) and (d) only (4) (b) and (c) only

**22.** Robert Redfield has mentioned which of the following qualities of little community ?

(a) Distinctiveness (b) Small Size

(c) Homogeneity of inhabitants (d) Dependence on other community

Find answer from the code given below :

**Code :**

(1) (a) and (d) only (2) (a), (b) and (c) only

(3) (a), (c) and (d) only (4) (a), (b), (c) and (d)



www.examrace.com

18. निम्नलिखित में से क्या सामाजिक समूह कार्य के सिद्धान्त हैं ?

(a) योजनाबद्ध समूह गठन का सिद्धान्त

(b) सतत वैयक्तिकरण सिद्धान्त

(c) संसाधन उपयोगिता सिद्धान्त

(d) मूल्यांकन सिद्धान्त

नीचे दिए गए कूट की सहायता से उत्तर दीजिए :

**कूट :**

(1) केवल (a), (b) और (c)    (2) केवल (a), (c) और (d)

(3) केवल (a), (b) और (d)    (4) (a), (b), (c) और (d)

19. मजदूर संघ के 'न्यासिता' सिद्धान्त' की वकालत किसके द्वारा की गई थी ?

(1) एन.एम. लोखंडे    (2) बी.पी. वाडिया    (3) एम.के. गांधी    (4) जी.एल. नंदा

20. किसके प्रधानमंत्री काल के दौरान दूसरे राष्ट्रीय श्रम आयोग का गठन किया गया था ?

(1) अटल बिहारी वाजपेयी    (2) विश्वनाथ प्रताप सिंह

(3) पी.वी. नरसिम्हा राव    (4) राजीव गांधी

21. निम्नलिखित में से किसके अध्ययन के लिए भागीदार अवलोकन सबसे उपयुक्त है ?

(a) जनजातीय संस्कृति    (b) राष्ट्रीय संस्कृति

(c) नृजातीय अध्ययन    (d) वैश्वीकरण परिदृश्य

**कूट :**

(1) केवल (a), (b) और (c)    (2) केवल (a) और (c)

(3) केवल (a) और (d)    (4) केवल (b) और (c)

22. रॉबर्ट रेडफील्ड ने छोटे समुदाय की निम्नलिखित में से किस विशेषता/विशेषताओं का उल्लेख किया है ?

(a) विशिष्टता    (b) छोटा आकार

(c) निवासियों की समरूपता    (d) अन्य समुदाय पर निर्भरता

नीचे दिए गए कूट की सहायता से उत्तर दीजिए :

**कूट :**

(1) केवल (a) और (d)    (2) केवल (a), (b) और (c)

(3) केवल (a), (c) और (d)    (4) (a), (b), (c) और (d)



www.examrace.com

23. Which among the following is/are 'ascribed status' ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | Profession | (b) | Caste |
| (c) | Gender | (d) | Religion |

**Code :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | (a) and (b) only | (2) | (b) and (c) only |
| (3) | (b), (c) and (d) only | (4) | (a) and (c) only |

24. Which of the following is/are method(s) of getting people's participation in a community ?

(a) Transect walk

(b) Non-formal interview

(c) Social and resource mapping

Find answer from code given below :

**Code :**

(1) (a), (b) and (c) (2) (a) only (3) (b) only (4) (a) and (b) only

25. In Karl Pearson's coefficient of correlation the value of 'r' nearer to $+1$ or $-1$ indicates :

(a) No association between two variables

(b) Positive correlation only

(c) Negative correlation only

(d) High degree of positive or negative correlation

Choose the answer from the code given below :

**Code :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | (a) only | (2) | (a), (b) and (c) only |
| (3) | (d) only | (4) | (b), (c) and (d) only |

26. Which of the following is/are part of the Saul Alinsky's Model of Social Action ?

(a) Attacking the person who heads the establishment

(b) Inducing anger and hate

(c) Destroying the individual who holds power

Find answer from the code given below :

**Code :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | (a) only | (2) | (a) and (b) only |
| (3) | (a), (b) and (c) | (4) | (b) only |



www.examrace.com

23. निम्नलिखित में से किसकी/किनकी 'आरोपण स्थिति' है?

(a) व्यवसाय (पेशा) (b) जाति

(c) लिंग (d) धर्म

**कूट :**

(1) केवल (a) और (b) (2) केवल (b) और (c)

(3) केवल (b), (c) और (d) (4) केवल (a) और (c)

24. निम्नलिखित में से क्या एक समुदाय में लोगों की भागीदारी प्राप्त करने की पद्धति/पद्धतियां है?

(a) ट्रॅंसेक्ट वॉक (संयुक्त भ्रमण)

(b) अनौपचारिक साक्षात्कार

(c) सामाजिक तथा संसाधन प्रतिचित्रण (मैपिंग)

नीचे दिए गए कूट में से उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(1) (a), (b) और (c) (2) केवल (a) (3) केवल (b) (4) केवल (a) और (b)

25. कार्ल पियर्सन के सहसंबंध के गुणांक में +1 अथवा −1 के निकट 'r' का महत्व इंगित करता है कि :

(a) दो चरों के बीच कोई संबंध नहीं है।

(b) केवल सकारात्मक सहसंबंध

(c) केवल नकारात्मक सहसंबंध

(d) अधिक डिग्री का सकारात्मक अथवा नकारात्मक सह-संबंध

नीचे दिए गए कूट की सहायता से उत्तर दीजिए :

**कूट :**

(1) केवल (a) (2) केवल (a), (b) और (c)

(3) केवल (d) (4) केवल (b), (c) और (d)

26. निम्नलिखित में से क्या सॉल एलिंस्की के सामाजिक क्रिया प्रतिमान (माडल) का भाग है?

(a) प्रतिष्ठान का नेतृत्व कर रहे व्यक्ति पर आक्रमक होना

(b) गुस्से और घृणा को अभिप्रेरिता करना

(c) शक्ति संपन्न व्यक्ति को बर्बाद करना

नीचे दिए गए कूट की सहायता से उत्तर दीजिए :

**कूट :**

(1) केवल (a) (2) केवल (a) और (b)

(3) (a), (b) और (c) (4) केवल (b)



www.examrace.com

27. **Assertion (A) :** Social stratification is an arrangement of social groups into hierarchy of position.

**Reason (R) :** Social stratification is unequal with regards to powers, property, social evaluation and psychic gratification.

In the context of the two statements, which one of the following is **correct** ?

**Code :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are not correct.

(2) **(A)** is correct, but **(R)** is not the correct explanation of **(A).**

(3) Both **(A)** and **(R)** are correct and **(R)** is the correct explanation of **(A).**

(4) Both **(A)** and **(R)** are correct and **(R)** is not correct explanation of **(A).**

28. **Assertion (A) :** Transnational perspective is needed for effective combatting of social problems of modern world.

**Reason (R) :** Poverty and hunger problems need global joint actions.

In the context of two statements, which one of the following is **correct** ?

**Code :**

(1) **(A)** is correct but **(R)** is not correct.

(2) **(A)** is not correct but **(R)** is correct.

(3) Both **(A)** and **(R)** are not correct.

(4) Both **(A)** and **(R)** are correct and **(R)** is the correct explanation of **(A).**

29. **Assertion (A) :** After the 1928 world conference of social workers held in Paris, an international cooperation of national associations was formed that later become the International Federation of Social Work.

**Reason (R) :** The purpose of International Federation of Social Work is to achieve a Socially Just World through professional social work.

In the context of the two statements, which one of the following is **correct** ?

**Code :**

(1) **(A)** and **(R)** are correct and **(R)** is the correct explanation of **(A).**

(2) **(A)** and **(R)** are correct but **(R)** is not the correct explanation of **(A).**

(3) **(A)** is correct and **(R)** is not correct.

(4) **(A)** is not correct and **(R)** is correct.



www.examrace.com

27. **अभिकथन (A) :** सामाजिक स्तरीकरण सामाजिक समूहों को पदानुक्रम की स्थिति में लाने की व्यवस्था है।

**कारण (R) :** शक्तियों (अधिकारों), संपत्ति, सामाजिक मूल्यांकन तथा मानसिक संतुष्टि के संदर्भ में सामाजिक स्तरीकरण असमान है।

इन दोनों कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में, से कौन सा कथन **सही** है ?

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

(2) **(A)** सही है, परन्तु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं तथा **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

28. **अभिकथन (A) :** आधुनिक विश्व की सामाजिक समस्याओं का प्रभावी रूप से सामना करने के लिए पारदेशीय दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

**कारण (R) :** गरीबी तथा भूख जैसी समस्याओं के लिए वैश्विक संयुक्त कार्रवाई की आवश्यकता है।

इन दोनों कथनों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा कथन **सही** है ?

**कूट :**

(1) **(A)** सही है, परन्तु **(R)** गलत है।

(2) **(A)** गलत है, परन्तु **(R)** सही है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

29. **अभिकथन (A) :** पेरिस में 1928 में वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस ऑफ़ सोशल वर्कर्स के आयोजन के पश्चात् इंटरनेशनल को-ऑपरेशन ऑफ़ नेशनल एसोसिएशन्स का गठन किया गया। बाद में यह इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ़ सेशल वर्क बन गया।

**कारण (R) :** इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ़ सोशल वर्क का उद्देश्य व्यावसायिक समाज कार्य के माध्यम से सामाजिक न्याय पर आधारित विश्व की स्थापना करना है।

इन दोनों कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में, से कौन सा कथन **सही** है ?

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** सही हैं तथा **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

(2) **(A)** और **(R)** सही हैं परन्तु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(3) **(A)** सही है और **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है और **(R)** सही है।



www.examrace.com

30. **Assertion (A) :** The emphasis on 'person-in-situation' is to understand and help the individual client better.

**Reason (R) :** The person in situation configuration is subjective.

In the context of the two statements, which one of the following is **correct** ?

**Code :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true, but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false, but **(R)** is true.

31. **Assertion (A) :** Social action and social legislation are complimentary to each other.

**Reason (R) :** Social action often highlights the need for new laws.

In the context of the two statements, which one of the following is **correct** ?

**Code :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are not correct.

(2) Both **(A)** and **(R)** are correct and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(3) Both **(A)** and **(R)** are correct but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(4) **(A)** is correct but **(R)** is not correct.

32. **Assertion (A) :** Social dysfunctions have potentialities to affect social functioning adversely.

**Reason (R) :** Dysfunction occurs in the interaction between different systems or social ills.

In context of these two statements, which one of the following is **correct** ?

**Code :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are not correct

(2) Both **(A)** and **(R)** are correct and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(3) Both **(A)** and **(R)** are correct but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(4) **(A)** is correct but **(R)** is not correct

33. **Assertion (A) :** Developmental social welfare is a macro-level conception.

**Reason (R) :** Developmental social welfare attempts institutional change.

In the context of these two statements, which one of the following is **correct** ?

**Code :**

(1) **(A)** is correct but **(R)** is not correct.

(2) Both **(A)** and **(R)** are correct.

(3) **(A)** is not correct but **(R)** is correct.

(4) Both **(A)** and **(R)** are not correct.



www.examrace.com

30. **अभिकथन (A) :** 'पर्सन-इन-सिचुएशन' पर बल देने का अभिप्राय एक सेवार्थी को बेहतर तरीके से समझना तथा उसकी सहायता करना है।

**कारण (R) :** द पर्सन-इन-सिचुएशन विन्यास व्यक्तिपरक होता है।

इन दोनों कथनों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा कथन **सही** है?

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं तथा **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं परन्तु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(3) **(A)** सही है परन्तु **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है परन्तु **(R)** सही है।

31. **अभिकथन (A) :** सामाजिक क्रिया तथा सामाजिक विधान एक-दूसरे के पूरक हैं।

**कारण (R) :** सामाजिक क्रिया अक्सर नए कानूनों की आवश्यकता को उजागर करती है।

इन दोनों कथनों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **सही** है?

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, परन्तु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(4) **(A)** सही हैं परन्तु **(R)** गलत है।

32. **अभिकथन (A) :** सामाजिक अपक्रियाओं का सामाजिक क्रियात्मकता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका रहती है।

**कारण (R) :** विभिन्न व्यवस्थाओं अथवा सामाजिक बुराइयों के बीच पारस्परिक क्रिया से अपक्रिया उत्पन्न होती है।

इन दोनों कथनों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा कथन **सही** है?

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, परन्तु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(4) **(A)** सही हैं परन्तु **(R)** गलत है।

33. **अभिकथन (A) :** विकासात्मक समाज कल्याण एक बृहत-स्तरीय अवधारणा है।

**कारण (R) :** विकासात्मक समाज कल्याण संस्थागत बदलाव लाने का प्रयास करता है।

इन दोनों कथनों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा कथन **सही** है?

**कूट :**

(1) **(A)** सही है परन्तु **(R)** गलत है।  (2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं।

(3) **(A)** गलत है, परन्तु **(R)** सही है।  (4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।



www.examrace.com

34. **Assertion (A) :** Uneven accumulation of life sustaining energies can alter the equilibrium state.

**Reason (R) :** Internal disorders take a person to a non-equilibrium state.

In the context of two statements, which one of the following is **correct** ?

**Code :**

(1) **(A)** is correct but **(R)** is not correct.
(2) Both **(A)** and **(R)** are incorrect.
(3) **(A)** is not correct but **(R)** is correct.
(4) Both **(A)** and **(R)** are correct.

35. Choose the **correct** sequence of Constitutional Amendment Acts on the following subjects in the chronological order.

(1) Right to Property, Preamble of the Constitution, Nagarpalica Act, Panchayati Raj Act
(2) Preamble of the Constitution, Right to Property, Panchayati Raj Act, Nagarpalica Act
(3) Right to Property, Preamble of the Constitution, Panchayati Raj Act, Nagarpalica Act
(4) Panchayati Raj Act, Right to Property, Nagarpalica Act, Preamble of the Constitution

36. Choose the **correct** sequence of the following in social case work practice :

(1) Person - Problem - Process - Place
(2) Place - Person - Problem - Process
(3) Person - Problem - Place - Process
(4) Problem - Person - Place - Process

37. Identify the **correct** chronological order according to their dates of celebration in a year :

(1) Women's Day, Youth Day, International Literacy Day, AIDS Day
(2) Youth Day, Women's Day, International Literacy Day, AIDS Day
(3) International Literacy Day, Youth Day, Women's Day, AIDS Day
(4) AIDS Day, International Literacy Day, Women's Day, Youth Day

38. Choose the **correct** sequence of the following enactment in chronological order :

(a) Apprentices Act
(b) Guardian and Wards Act
(c) Reformatory Schools Act
(d) Children Act

**Code :**

(1) (b), (c), (a), (d)
(2) (a), (b), (c), (d)
(3) (d), (a), (b), (c)
(4) (c), (d), (b), (a)

39. Put following stages given by Sigmand Freud in **correct** order :

(1) Oral, Phallic, Anal, Latency, Genital
(2) Oral, Latency, Phallic, Anal, Genital
(3) Oral, Anal, Phallic, Latency, Genital
(4) Oral, Genital, Phallic, Latency, Anal

40. Identify the **correct** order in following stages of group development given by Klein :

(1) Orientation, Negotiation, Resistance, Intimacy, Termination
(2) Orientation, Intimacy, Resistance, Negotiation, Termination
(3) Orientation, Resistance, Negotiation, Intimacy, Termination
(4) Orientation, Negotiation, Intimacy, Resistance, Termination



www.examrace.com

34. **अभिकथन (A) :** जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक ऊर्जाओं का असमान संचयन संतुलन की स्थिति में परिवर्तन ला सकता है।

**कारण (R) :** आंतरिक विकार व्यक्ति को असंतुलन की स्थिति में ले जा सकते हैं।

उपरोक्त दो कथनों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा **सही** है ?

**कूट :**

(1) **(A)** सही है, किंतु **(R)** गलत है। (2) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

(3) **(A)** गलत है किंतु **(R)** सही है। (4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं।

35. निम्नलिखित विषयों संबंधी संविधान संशोधन अधिनियमों को **सही** क्रम में लगाइए :

(1) संपत्ति का अधिकार, संविधान की प्रस्तावना, नगरपालिका अधिनियम, पंचायती राज अधिनियम

(2) संविधान की प्रस्तावना, संपत्ति का अधिकार,पंचायती राज अधिनियम, नगरपालिका अधिनियम

(3) संपत्ति का अधिकार, संविधान की प्रस्तावना, पंचायती राज अधिनियम, नगरपालिका अधिनियम

(4) पंचायती राज अधिनियम, संपत्ति का अधिकार, नगरपालिका अधिनियम, संविधान की प्रस्तावना

36. समाज वैयक्तिक कार्य पद्धति में निम्नलिखित को **सही** क्रम में लगाइए :

(1) व्यक्ति – समस्या – प्रक्रिया – स्थान (2) स्थान – व्यक्ति – समस्या – प्रक्रिया

(3) व्यक्ति – समस्या – स्थान – प्रक्रिया (4) समस्या – व्यक्ति – स्थान – प्रक्रिया

37. वर्ष में मनाए जाने वाले निम्नलिखित दिवसों को उनके मनाए जाने के **सही** क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(1) महिला दिवस, युवा दिवस, अंतर्राष्ट्रिय साक्षरता दिवस, एड्स दिवस

(2) युवा दिवस, महिला दिवस, अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस, एड्स दिवस

(3) अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस, युवा दिवस, महिला दिवस, एड्स दिवस

(4) एड्स दिवस, अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस, महिला दिवस, युवा दिवस

38. निम्नलिखित अधिनियमनों को काल क्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

(a) शिशु अधिनियम (एप्रेन्टिसिस एक्ट) (b) गार्डियन एण्ड वार्ड एक्ट

(c) रिफोर्मेटरी स्कूलस एक्ट (d) चिल्ड्रन एक्ट

**कूट :**

(1) (b), (c), (a), (d) (2) (a), (b), (c), (d)

(3) (d), (a), (b), (c) (4) (c), (d), (b), (a)

39. सिगमंड फ्रायड द्वारा दिए गए निम्नलिखित चरणों को **सही** क्रम में लगाइए :

(1) ओरल, फैलिक, एनल, लेटेंसी, जेनिटल (2) ओरल, लेटेंसी, फैलिक, एनल, जेनिटल

(3) ओरल, एनल, फैलिक, लेटेंसी, जेनिटल (4) ओरल, जेनिटल, फैलिक, लेटेंसी, एनल

40. क्लेन द्वारा दिए गए समूह के विकास के निम्नलिखित चरणों को **सही** क्रम में लगाइए :

(1) प्रबोधन, बात-चीत, प्रतिरोध, अंतरंगता, समाप्ति

(2) प्रबोधन, अंतरंगता, प्रतिरोध, बात-चीत, समाप्ति

(3) प्रबोधन, प्रतिरोध, बात-चीत, अंतरंगता, समाप्ति

(4) प्रबोधन, बात-चीत, अंतरंगता, प्रतिरोध, समाप्ति



www.examrace.com

41. Which one of the following pairs is **correctly** matched ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | Skinner | - | Operant Learning Theory |
| (2) | Anna Freud | - | The unconscious Mind |
| (3) | Erich Fromm | - | Hierarchy of needs |
| (4) | Elizabeth Hurlock | - | Ego Psychology |

42. Which one of the following pairs is **correctly** matched ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | Description of experiences and observations | - | Empirical Research |
| (2) | Making generalizations and Theory building | - | Applied Research |
| (3) | Finding solution of immediate problem | - | Fundamental Research |
| (4) | Conducting observations for discovering facts | - | Qualitative Research |

43. Which one of the following pairs is **not** correctly matched ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | Fair distribution of resources | - | Equity |
| (2) | Equal rights for all | - | Equality |
| (3) | Fostering of social trust | - | Cohesion |
| (4) | Availability of services in discriminatory manner | - | Accessibility |

44. Match **List-I** and **List-II** and choose the **correct** answer from the code given below :

| | List-I (Proponents) | | List-II (Concepts) |
|---|---|---|---|
| (a) | Toseland and Rivas | (i) | Allogenic Conflict |
| (b) | Balgopal | (ii) | Emotional Bond |
| (c) | Karl Marx | (iii) | Escape from Freedom |
| (d) | Erich Fromm | (iv) | Economic Determinism |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (2) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (3) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |



www.examrace.com

**41.** निम्नलिखित में सा कौन से युग्म **सुमेलित** है?

(1) स्किनर - क्रियाप्रसूत अधिगम सिद्धान्त

(2) एना फ्रायड - अवचेतन मस्तिष्क

(3) एरिक फ्रोम - आवश्यकताओं का पदानुक्रम

(4) एलिज़ाबेथ हरलॉक - अहं मनोविज्ञान

**42.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म **सुमेलित** है?

(1) अनुभवों तथा अवलोकनों का वर्णन - अनुभवजन्य शोध

(2) साधारणीकरण करना तथा सिद्धान्त तैयार करना - व्यावहारिक शोध

(3) तात्कालिक समस्या का समाधान तलाशना - मौलिक शोध

(4) तथ्यों का पता लगाने के लिए अवलोकन करना - गुणात्मक शोध

**43.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित **नहीं** है?

(1) संसाधनों का उचित वितरण - साम्यता

(2) सभी को समान अधिकार - समानता

(3) सामाजिक विश्वास को बढ़ावा - संसक्ति

(4) पक्षपातपूर्ण तरीके से सेवाओं की उपलब्धता - सुगम्यता

**44.** **सूची** – **I** को **सूची** – **II** के साथ सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए **सही** उत्तर दीजिए :

| **सूची – I** **(प्रस्तावक)** | | **सूची – II** **(अवधारणा)** | |
|---|---|---|---|
| (a) | टॉज़लैंड एण्ड रिवास | (i) | एलोजेनिक संघर्ष |
| (b) | बालगोपाल | (ii) | भावनात्मक बंधन |
| (c) | कार्ल मार्क्स | (iii) | स्वतंत्रता से दूर भागना |
| (d) | एरिक फ्रोम | (iv) | आर्थिक निर्धारणवाद |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (2) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (3) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |



www.examrace.com

45. Which one of the following pairs is **not** correctly matched ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | Rules governing the behaviour of group members | - | Norms |
| (2) | The potency of goals and objects in the life space of the group | - | Valance |
| (3) | The ability of group members to influence one-another | - | Cohesion |
| (4) | The degree of agreement regarding goals and group phenomenon | - | Consensus |

**Instructions : Read the passage below and answer the questions 46 - 50 that follow based on your understanding of passage.**

It is right time for India to create a Uniform Civil Code. While we are governed by the same criminal and civil laws, in matters of marriage, inheritance, succession, divorce and adoption, we live largely by the personal laws of our religion. Each community has its own distinctive practices, but they are all unfair to women in their different ways. While Hindu, Christian and Parsi laws have been codified and amended over time, many aspects of Muslim personal law remain unlegislated, and left to the vagaries of Islamic jurisprudence and practice. Hindu personal law was codified into four acts in the 1950s, and amended over the years. While it is still not fully gender-just, it was certainly a radical leap for women's rights. Christian personal law, already codified, has been reformed by Parliament and the courts, after much community mobilisation. Muslim personal law remains uncodified in many aspects, though the courts have steadily expanded rights for Muslim women. While it is easy to make rhetorical arguments about gender equality and securlarism, it is much harder to apply these principles across the uneven terrain of inheritance and property, marriage and divorce, adoption and guardianship. Different communities can have far-apart worldviews on the same subject -a Hindu marriage is a sacrament, a Muslim marriage is a civil contract with spelt-out obligations - so a common code would have to be acceptable to all. It should aim not to deprive any woman of the benefits that she currently has, under any personal law. The Uniform Civil Code is not just a matter of gender justice; it is also a question of how a nation accommodates its own diversity. In India, freedom of religion exists with other rights like equality and non-discrimination. We need to imagine a common civil code for the sake of more fairness in our families, our religious communities, and our nation. All women, across faiths, are owed the rights of equal citizenship.

46. The Uniform Civil Code is also related to :

(1) Cultural diversity

(2) Gender justice

(3) Cultural diversity and gender justice both

(4) Family integration

47. The personal laws of the _______ community is still remain uncodified.

(1) Hindu (2) Muslim (3) Christianity (4) Muslim and Sikhs



www.examrace.com

**45.** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित **नहीं** है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | समूह के सदस्यों के व्यवहार को प्रशासित करने संबंधी नियम | - | मानदंड |
| (2) | समूह के जीवन काल में लक्ष्यों तथा उद्देश्यों की प्रबलता | - | संयोजन क्षमता |
| (3) | एक - दूसरे को प्रभावित करने की समूह के सदस्यों की क्षमता | - | संसक्ति |
| (4) | लक्ष्यों तथा समूह प्रवृत्ति के संबंध में सहमति की डिग्री | - | सर्वसम्मति |

**निर्देश : निम्नलिखित पैरा का अध्ययन कीजिए तथा पैरा के अन्त में प्रस्तुत प्रश्नों (46 - 50) का अपनी समझ के आधार पर उत्तर दीजिए।**

समय आ गया है कि भारत समान नागरिक संहिता बनाए। यद्यपि हम एक ही प्रकार के आपराधिक और सिविल कानूनों द्वारा प्रशासित होते हैं, परन्तु विवाह, उत्तराधिकार तलाक तथा गोद लेने के मामलों में मुख्यत: हम अपने धर्म के पर्सनल कानूनों को मानते हैं। हर समुदाय की अपनी विशिष्ट प्रथाएं हैं, परन्तु वे सभी अलग-अलग रूप से महिलाओं के साथ अन्याय करते हैं। यद्यपि हिन्दू, ईसाई, पारसी कानूनों को संहिताबद्ध किया जा चुका है और समय के साथ इनमें संशोधन भी हो चुके हैं, मुस्लिम पर्सनल लॉ के बहुत से पहलुओं के बारे में कानून नहीं बनाया गया है और इन पहलुओं को इस्लामी न्यायशास्त्र के उतार - चढ़ाव के सहारे छोड़ दिया गया है। हिन्दू पर्सनल लॉ को 1950 के दशक में चार अधिनियमों में संहिताबद्ध किया गया था और पिछले वर्षों में इसमें संशोधन भी हो चुके हैं। यद्यपि यह अब भी स्त्री - पुरुष दोनों के लिए पूरी तरह न्यायपूर्ण नही है, फिर भी निश्चित रूप से यह महिला अधिकारों की दिशा में बड़ा कदम है। ईसाई पर्सनल लॉ को भी पहले संहिताबद्ध किया जा चुका है और समुदाय की लामबंदी के बाद संसद तथा न्यायालयों से इसमें संशोधन किए हैं। बहुत से पहलुओं की दृष्टि से मुस्लिम पर्सनल लॉ असंहिताबद्ध है, हालांकि न्यायालयों के धीरे-धीरे मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों में वृद्धि की है। यद्यपि स्त्री - पुरुष समानता तथा धर्मनिरपेक्षता के बारे में शब्दाडंबरपूर्ण तर्क देना सरल है, परन्तु उत्तराधिकार एवं संपत्ति, विवाह एवं तलाक, गोद लेने और संरक्षण (गार्डियनशिप) जैसे असमानतापूर्ण मुद्दों के मामले में इन सिद्धन्तों को लागू करना बहुत कठिन है। एक ही विषय पर विभिन्न समुदायों की बिलकुल विपरीत राय हो सकती है - हिन्दू विवाह एक संस्कार होता है, मुस्लिम विवाह एक सिविल अनुबंध होता है, जिसमें दायित्वों का उल्लेख होता है - अत: एक समान संहिता सभी को स्वीकार्य होना चाहिए। इसका उद्देश्य होना चाहिए कि कोई भी महिला किसी भी पर्सनल लॉ के तहत अपने वर्तमान लाभों से वंचित न हो। समान नागरिक संहिता केवल स्त्री - पुरुष संबंधी न्याय का मामला नहीं है यह एक प्रश्न भी है कि एक देश किस प्रकार से अपनी विविधता को जगह देता है। भारत में, धार्मिक स्वतंत्रता के साथ-साथ समानता और निष्पक्षता जैसे अन्य अधिकार भी हैं। हमें अपने परिवारों, अपने धार्मिक समुदायों तथा हमारे राष्ट्र में और अधिक निष्पक्षता के लिए एक समान नागरिक संहिता की कल्पना करने की आवश्यकता है। सभी धर्मों की हर महिला को समान नागरिकता का अधिकार होना चाहिए।

**46.** समान नागरिक संहिता का संबंध निम्नलिखित में से किससे की है ?

(1) सांस्कृतिक विविधता

(2) स्त्री - पुरुष न्याय

(3) सांस्कृतिक विविधता तथा स्त्री-पुरुष न्याय दोनों

(4) परिवार एकीकरण

**47.** ______ समुदाय के पर्सनल लॉ अब भी असंहिताबद्ध हैं।

(1) हिन्दू (2) मुस्लिम (3) ईसाई (4) मुस्लिम तथा सिख



www.examrace.com

**48.** Hindu marriage laws are still **not** :

(1) Fully governed by the community

(2) Fully grant justice to women

(3) Fully accepted by priests

(4) Fully in favour of equal opportunity to all members of family such as women, children, the aged

**49.** Hindu marriage is a sacrament unity which means it is recognised as :

(1) One of the sanskar

(2) A contract as divorce is possible

(3) A part of uniform civil code

(4) A right of equal citizenship

**50.** The most appropriate title for the above paragraph may be :

(1) Uniform Civil Code

(2) Need for Uniform Civil Code

(3) Gender Justice and Civil Code

(4) Future of Civil Code

- o 0 o -



www.examrace.com

**48.** हिन्दू विवाह कानून निम्न में से क्या अब भी **नहीं** है ?

(1) समुदाय द्वारा पूर्णतः प्रशासित है

(2) महिलाओं के साथ पूर्ण न्याय करता है

(3) पुजारियों द्वारा पूर्णतः स्वीकृत है

(4) यह महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों जैसे परिवार के सभी सदस्यों को समान अवसर प्रदान करने के पक्ष में है

**49.** हिन्दू विवाह एक पवित्र गठबन्ध है, जिसका अर्थ है कि इसे निम्नलिखित में से किस रूप में मान्यता दी गई है ?

(1) एक संस्कार
(2) एक अनुबंध क्योंकि तलाक संभव है
(3) समान नागरिक संहिता का भाग
(4) समान नागरिकता का अधिकार

**50.** उपरोक्त पैराग्राफ का सबसे उपयुक्त शीर्षक क्या होगा ?

(1) समान नागरिक संहिता
(2) समान नागरिक संहिता की आवश्यकता
(3) स्त्री – पुरुष न्याय और नागरिक संहिता
(4) नागरिक संहिता का भविष्य

- o 0 o -



www.examrace.com

**Space For Rough Work**

Exam Race



www.examrace.com